शब्दार्थ : बहस – तर्क। **वाद** – विवाद। **नज़र** – दृष्टि, निगाह। **बलवान** – शक्तिशाली, ताकतवर। **तपन** – जलन।

प्रश्न-अभ्यास

हवा की बात

प्रश्न 1
हवा को ऐसा क्यों लगा होगा कि वह सूरज से अधिक बलवान है?
उत्तर:
हवा की गति काफ़ी तेज होती है और वह पल-भर में बहुत सारी चीजों को उड़ा सकती है। इसलिए उसे लगा होगा कि वह सूरज से अधिक बलवान है।

प्रश्न 2
हवा आदमी का कोट कैसे उतरवा सकती थी? कोई तरकीब सोचो।
उत्तर:
हेवा यदि अपने साथ-साथ धूलकण भी लाती तो इससे

Scanned by TapScanner

आदमी की आँखें चुभने लगतीं और वह कोट को उतार देता और उससे अपना मुह ढंक लेता।

गर्मी

प्रश्न 3
आदमी ने गर्मी लगने पर कोट उतार दिया। तुम गर्मी लगने पर क्या-क्या करती हो?
उत्तर:
मैं गर्मी लगने पर हल्के और सूती कपड़े पहनती हूँ और ठंडे पानी में स्नान करती हूँ। ठंडे "पेय पीती हूँ तथा पंखा, कूलर या ए०सी०चलाकर ठंड का आनंद लेती हूँ।

किसमें कितनी ताकत

प्रश्न – बताओ, इनमें से कौन अधिक बलवान है? तुम्हें ऐसा क्यों लगता है?

1. सूरज या हवा?

उत्तर:

Scanned by TapScanner

उत्तर:

मुझे लगता है कि सूरज अधिक बलवान है क्योंकि उसकी तपिश हमें हवा की अपेक्षा अधिक प्रभावित करती है।

Scanned by TapScanner